City भास्कर
इंदौर, बुधवार 27 अक्टूबर 2021

आंत्रप्रेन्योर्स का ग्लोबल नेटवर्क डेला लीडर्स क्लब लॉन्च, दुनिया से जुड़ सकेंगे इंदौरी बिजनेसमेन

फाउंडर जिमी मिस्त्री ने बताया कैसे शहर के लिए फायदेमंद साबित होगा डीएलसी और कौन जुड़ सकेगा इस नेटवर्क से

सिटी रिपोर्टर . इंदौर

आज के समय में अगर हम सौ सफल लोगों की जीवनशैली को देखें तो उनमें से तीन लोग भी एक सार्थक जीवन नहीं जी रहे हैं। सफलता आज पैसों से नापी जाती है लेकिन सार्थकता के लिए यह मायने रखता है कि आपने कितने लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। एक सार्थक जीवन की ओर बढ़ने के लिए आन्त्रप्रेन्योर जिमी मिस्त्री ने अपना बनाया गया दुनिया का पहला बिजनेस प्लेटफॉर्म डीएलसी (डेला लीडर्स क्लब) का इंदौर चैप्टर मंगलवार को लॉन्च किया। लॉन्च में उद्यम के अपने अनुभव के बारे में उन्होंने बताया कि- 'जेआरडी टाटा एक ऐसे लीडर रहे हैं जिन्होंने सिर्फ अपनी या अपनी कंपनी की बढ़ोतरी नहीं बल्कि सामाजिक बढ़ोतरी पर भी उतना ही ध्यान दिया। उनके अनुसार आपकी सफलता तब तक पूरी नहीं है जब तक आपने समाज के लिए कुछ न किया हो। इसी सिद्धांत से मैं अपना जीवन जीता हूं। उनके अनुसार किसी भी काम या उद्यम के लिए इन बातों का ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि डीएलसी से सबसे ज्यादा फायदा शहर को होगा। यहां के कल्चर को एक ग्लोबल नजरिया मिलेगा। इंदौर के आंत्रप्रेन्योर्स में कोई कमी नहीं है। उन्हें बस सही दिशा और अवसर की जरूरत है। उन्होंने बताया कि 54 सोशल इम्पैक्ट कम्यूनिटी भी बनाई जाएगी जो आंत्रप्रेन्योरशिप, वुमन एम्पावरमेंट, लड़कियों की पढ़ाई और कमजोर वर्ग के को काम दिलाने पर काम करेगी।

कोई उद्यम शुरू करते हुए यह बातें याद रखी जाएं

आपके काम का एक उद्देश्य हो : कोई काम या उद्यम कर रहे हैं तो उसका क्या उद्देश्य है? उद्देश्य पैसा कमाना नहीं हो सकता, यह केवल आपके काम का प्रतिफल है। उद्देश्य पैसे से बढ़कर दूसरों की सहायता होना चाहिए। लोग भावनात्मक रूप से जुड़ सकेंगे।

लोगों तक क्या नई चीज़ पहुंचा रहे : आपका काम या उद्यम लोगों के सामने क्या नया ले कर आ रहा है? क्या वह आपके काम करने का तरीका है, या पूरी तरह से कोई नया काम है? ऐसा क्या है जो लोगों को आपसे जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा यह जरूर जानें।

काम के लिए आप कितने दृढ़ हैं : कोई भी पेड़ 2 दिन में आपको फल नहीं देगा। किसी भी कार्य को लगातार दृढ़ निश्चय के साथ करना होता है। इसके बाद ही आप किसी मुकाम पर पहुंच पाते हैं। कम काम किए बिना ज्यादा अपेक्षा करें तो ऐसा नहीं होना चाहिए।

कौन जुड़ सकता है डेला लीडर्स क्लब से?

आंत्रप्रेन्योर्स, प्रोफेशनल्स और यंग लीडर्स डीएलसी से जुड़ सकते हैं। आंत्रप्रेन्योर्स जिनका सालाना टर्नओवर 10 करोड़ से अधिक हो वे इस क्लब से जुड़ सकते हैं। इसके साथ उनकी किसी विषय में विशेषज्ञता होना और समाज में उनका प्रभाव कितना है यह मायने रखता है। प्रोफेशनल्स के जुड़ने के लिए दो करोड़ सालाना का पैकेज होना चाहिए। यंग लीडर्स का सैलरी ब्रैकेट 50-60 लाख होना चाहिए और समाज में प्रभुत्व होना चाहिए।